अवसर चाहा जिस पर अधीनस्थ विचारण न्यायालय ने आगामी तारीख पेशी 12.07.2021 नियत की गई व उक्त दिनांक को जवाब प्रस्तुत नहीं होने से आगामी पेशी 23.07.2021 नियत की गई व दिनांक 23.07.2021 को अपीलांटगण अतिक्रमण के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर दिनांक 05.08.2021 को नोटिस पारित किया जाकर अपीलांटगण को विवादित कृषि आराजीयात से बेदखल किया जाने का निर्णय व आदेश पारित कर दिया जो अपने आप में अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। विवादित कृषि आराजीयात बिलानाम कृषि योगय भूमि होने से अपीलांटगण सगे भाई होकर पुराना कब्जा होकर नियमन योग्य कब्जा होकर नियमन योग्य कब्जा चला आ रहा है, जिससे उक्त कृषि आराजीयात अपीलांटगण के नियमन योगय है फिर भी अधीनस्थ विचारण न्यायालय ने अपीलांटगण की नियमन योग्य भूमि के संबंध में बेदखली व लगान का पचास गुणा पेनाल्टी आरोपित किया जाने का निर्णय एवं आदेश पारित कर दिया जो अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। अधीनस्थ विचारण न्यायालय ने अपीलांटगण को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान किये बगैर संक्षिप्त कार्यवाही किये बगैर अपीलांटगण के विरूद्ध बेदखली व लगान की पचास गुणा पेनाल्टी राशि आरोपित किया जाने निर्णय एवं आदेश पारित कर दिया जो अवैधानिक होकर निरस्त किया जाने योग्य है। अधीनस्थ विचारण न्यायालय ने अपीलांटगण के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर बेदखली का निर्णय एवं आदेश दिनांक 05.08.2021 को पारित कर दिया जिसकी सर्वप्रथम जानकारी पटवारी हल्का से दिनांक 29.09.20221 को हुई उसी दिन अधीनस्थ विचारण न्यायालय में निर्णय एवं आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निर्णय एवं आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त की तत्पश्चात् कोरोना माहमारी से पीडित होने के कारण अपील प्रस्तुत नहीं कर सके। तत्पश्चात् विधि सलाहकार से राय प्राप्त कर अपील अपीलांटगण बाद जानकारी अन्दर मयाद पेश है फिर भी अपील में हुए विलम्ब को विस्तारित फरमाने हेतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 कानून मयाद अधिनियम मय शपथपत्र के अलग से पेश है। अतः श्रीमान् से निवेदन है कि अपील बहक अपीलांटगण स्वीकार फरमाया जाकर अधीनस्थ विचारण न्यायालय द्वारा पारित विवादित निर्णय व आदेश दिनांक 05.08.2021 निरस्त फरमाया जाकर विवादित कृषि आराजीयात अपीलांटगण के नियमन फरमाई जावें।

इस पर अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रत्यर्थी को जरिये नोटिस के तलब किया गया। प्रत्यर्थी की और से राजकीय अधिवक्ता हाजिर आये। अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। इस पर तहसीलदार बस्सी के पत्रांक/राजस्व/2022 /302 दिनांक 05.04.2022 से से उनकी मूल पत्रावली संख्या 009/2021 निर्णय दिनांक 05.08.2021 अनवानी सरकार बनाम कुका पिता डूंगा जाति गुर्जर निवासी सोकिया वगैराह अन्तर्गत धारा 91

सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official

